हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | ]

### पुलिस ने बनाए फिक्स्ड पॉइंट, अस्पताल में रहेंगे डॉक्टर्स

# सुरक्षा संभालेंगे सात सौ जवान यातायात विभाग भी रहेगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल के सबसे बड़े त्यौहार में शामिल रंगों का पर्व होली देशभर में आज मनाया जाएगा। अंचल में भी इस पर्व को लेकर खासा तैयारियां देखने को मिल रही है, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अपने तरीके से होली का जश्न मनाते नजर आएंगे। इस पर्व पर किसी भी घटना या वारदात की रोकथाम के लिए पुलिस महकमे ने भी अपनी कमर कस ली है, जहां जिलेभर में सात सौ जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आएंगे। सिविल ड्रेस में महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों की तैनाती कर असामाजिक तत्वों पर गोपनीय नजर रखी जा रही है।

वहीं एसपी, एएसपी, सीएसपी सहित थानेदार भी फील्ड पर तैनात नजर आने वाले हैं। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए ड्रोन के जरिये मॉनिटरिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, फिक्स्ड पॉइंट में जवानों की ड्यूटी से लेकर पेट्रोलिंग पार्टियां नियुक्त कर दी गई है। वहीं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले लोगों पर एक्शन के लिए यातायात विभाग को भी अलर्ट मोड पर रहने कहा गया है। तीन सवारी वाहन चलाने एवं नाबालिगों के वाहन चलाते नजर आने पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा होली के जश्न में शराब सेवन कर हुड़दंग मचाने वालों पर भी एक्शन लिया जाएगा।

## देर रात होलिका दहन, पारंपरिक रूप से की पूजा-अर्चना, आज उड़ेंगे रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में सोमवार की देर रात को होलिका दहन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक दर्जनों स्थानों में शुभ मुहूर्त देखकर होलिका दहन की पूजा-अर्चना के साथ ही पारंपरिक रूप से आयोजन किया गया। वहीं आज अंचलभर में होली का रंग देखने को मिलेगा।

श्रद्धालुओं ने होलिका मैया की पूजा की, बुरकुले की माला चढ़ाई और कलावा बांधा। स्थानीय पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होलिका पूजन संपन्न कराया। देर रात होलिका का दहन किया गया। हालांकि मंगलवार को दिनभर चंद्रग्रहण और भद्रा के चलते सन्नाटा देखने को मिला। होली बाजार में भी हर साल के मुकाबले इस बार रौनक फीकी नजर आई। आज दिनभर जिले में रंग-गुलाल उड़ते नजर आएंगे।



### मंदिरों के पट रहे बंद

इधर मंगलवार को चंद्रग्रहण को देखते हुए सूतक काल में मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। दिनभर पट बंद रखने के बाद देर शाम ग्रहण समाप्त होने के बाद पूजा-अर्चना कर मंदिरों के पट खोले गए। ग्रहण समाप्त होने के बाद लोग भी मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचते नजर आए।

**रातभर भजन, अलसुबह दहन** : शहर के सबसे पुराने होलिका दहन के आयोजन में शामिल बालाजी मंदिर के होलिका दहन से पहले सोमवार की रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। शहर के ही आधा दर्जन से अधिक गायकों ने अपने भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। जिसके बाद अलसुबह शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ उपस्थित थी, जिन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की।

### तत्काल इलाज के लिए डॉक्टर अलर्ट

इधर होली के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना के बाद तत्काल इलाज सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। बताया गया कि जिला अस्पताल से लेकर पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में होली को देखते हुए विशेष तौर पर डॉक्टरों की तैनाती की गई है। बताया गया कि मेडिसिन, ऑर्थो, सर्जरी के साथ ही आईसीयू का जिम्मा संभालने के लिए डॉक्टर नियुक्त कर दिए गए हैं।

### थानेवार बनाए पॉइंट, देते रहेंगे रिपोर्ट

पुलिस महकमे ने होली को देखते हुए थानेवार फिक्स्ड पॉइंट बना दिए हैं। सभी पाइंट में जिला पुलिस बल के साथ ही पीटीएस से भी जवानों की तैनाती की गई है। संबंधित थानेदार को निर्देश दिए गए हैं कि सभी पाइंट की समय-समय पर रिपोर्ट लेकर आला अफसरों को दी जाए। वहीं किसी भी स्थान में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल पेट्रोलिंग पार्टियों को पहुंचने की हिदायत दी गई है। दंगा नियंत्रण टीम एवं रिजर्व बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है।






**खबर संक्षेप**

### इंदौरी में शांति समिति की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस चौकी दशरंगपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान ने की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ होली का पर्व मनाएं। चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्यौहार है। इसलिए इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहने, हुड़दंग न करने और यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून व्यवस्था भंग करने की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रधान आरक्षक बुधमल ध्रुव, आरक्षक तीरथ साहू, ज्वाला बांधेकर व संतोष मरकाम भी उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी छन्नू लाल साहू, दशरंगपुर के सरपंच तारकेश्वर सिंह मरकाम, उपसरपंच दुर्गेश साहू और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंच व कोटवारों ने भी भाग लिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाया जाएगा।

### परामर्श कक्षा का शेड्यूल जारी किया गया

**कवर्धा।** पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि ने परामर्श कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। इसमें सत्र जुलाई - जून 2025-26 में प्रवेशित एमए/एमएससी (गणित) के छात्र-छात्राओं की परामर्श कक्षा इसी माह मार्च में होगी। इसका शेड्यूल विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

### प्री-एमसीए प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**कवर्धा।** व्यापमं के माध्यम से प्री-एमसीए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 24 मार्च शाम 5 बजे तक है। डिटेल व्यापमं की वेबसाइट पर दी गई है।

# वनांचल क्षेत्र में अवैध महुआ शराब का कारोबार चरम पर, आबाकारी विभाग बना मूक दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विकासखंड के कुकदूर एवं आसपास के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में महुआ से बनी अवैध शराब का निर्माण और बिक्री खुलेआम जारी है। नेउर, पोलमी, कोदवागोदान, मझौलीरवन, कामठी, कड़मा, दंमगढ़, अमेरा, बदना, घोघरा सहित दर्जनों गांवों में यह कारोबार अब संगठित रूप ले चुका है, जहां बड़े पैमाने पर अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। इसके बावजूद आबकारी विभाग की निष्क्रियता क्षेत्र में गंभीर चर्चा का विषय बनी हुई है। आबकारी विभाग निद्रा में सोया हुआ है। पंडरिया क्षेत्र में देशी हो अग्रेजी हो या मौहा की शराब हो गांव-गांव में बिक रही है। पूरे क्षेत्र में जनचर्चा है सभी शराब कमीशन पर बिकता है क्षेत्र की जनता ने कमीशनखोर विभागीय अधिकारियों को हटाने की मांग करते हुए अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, लगभग हर गांव में घर-घर शराब बनाई जा रही है और साप्ताहिक बाजारों में 100 रूपए प्रति बोतल के हिसाब से खुलेआम बिक्री हो रही है। यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दे रही है,बल्कि शासन को हर माह लाखों रुपए के राजस्व नुकसान का कारण भी बन रही है।



### स्वास्थ्य से खिलवाड़ और जानलेवा प्रयोग

महुआ शराब की पारंपरिक प्रक्रिया में जहां 6-7 दिन का समय लगता है, वहीं त्वरित मुनाफे के लालच में कुछ असामाजिक तत्व इसमें यूरिया खाद जैसे रसायनों का प्रयोग कर रहे हैं। यह सीधे तौर पर मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है और किडनी व लिवर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है। इसके बावजूद आबकारी विभाग कुंभकरणीय नींद में सोया हुआ है और किसी बड़ी जनहानि की प्रतीक्षा करता प्रतीत हो रहा है । क्षेत्रवासियों का आरोप है कि आबकारी विभाग के आला अधिकारी मुख्यालय में बैठकर केवल औपचारिक और दिखावटी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कभी-कभार की गई छोटी-मोटी कार्रवाई से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। वहीं दूसरी ओर कुकदूर थाना पुलिस लगातार रात्रि गश्त कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है, जो आबकारी विभाग की निष्क्रियता को और उजागर करता है। चौंकाने वाली बात यह है कि पंडरिया तहसील कबीरधाम जिले की सबसे बड़ी तहसील होने के बावजूद यहां पर्याप्त अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ नहीं हैं। गांवों में अवैध शराब का कारोबार चरम पर है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी कवर्धा में बैठकर शहर की आव-भावा और आरामदायक जीवन जी रहे हैं। ग्रामीण इलाकों की समस्याओं से उनका कोई सरोकार दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने शासन कलेक्टर एवं छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग से मांग की है कि आबकारी इंस्पेक्टरों को अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही अवैध शराब के कारोबार पर कठोर कार्रवाई करते हुए दोषियों पर सख्त दंड लगाया जाए और ग्रामीणों को वैकल्पिक रोजगार से जोड़ा जाए,ताकि इस सामाजिक बुराई पर स्थायी रोक लग सके।

**वारदात:** ग्राम सेमरकोना में शिवलिंग, नदी महाराज तथा ठाकुर देव की प्रतिमा की गई खण्डित

# होली के पूर्व मंदिरों में तोड़फोड़ धार्मिक सौहाद्र बिगाड़ने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में बेलगाम हो चुके आपराधिक तथा आसामाजिक तत्वों द्वारा एक बार फिर होली के ठीक पहले सनातनियों की आस्था पर प्रहार कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाकर सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। बताया जाता है कि इस बार आपराधिक तथा आसामाजिक तत्वों ने जिले के कुण्डा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरकोना स्थित सनातनियों के आस्था के केन्द्र शिव मंदिर तथा ठाकुर देव मंदिर में स्थापित शिवलिंग, नंदी महाराज तथा ठाकुर देव की प्रतिमा में तोड़फोड़ की है। इस घटना के बाद ग्राम सेमरकोना सहित पूरे क्षेत्र के सनातनियों में आक्रोश व्याप्त है और वे इस घिनौने कृत्य को अंजाम देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर धरने पर बैठ गए है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेमरकोना में स्थित शिव मंदिर तथा ठाकुर देव मंदिर में स्थापित शिवलिंग, नंदी महाराज तथा ठाकुर देव की प्रतिमा को किसी ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात तोड़फोड़ कर खिण्डत कर दिया। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को मंगलवार की सुबह उस समय हुई जब वे चन्द्रग्रहण में सूतक लगने से पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया मंदिर में स्थापित शिवलिंग, नंदी महाराज तथा ठाकुर देव की प्रतिमा अस्त व्यस्त थी जिन्हें किसी के द्वारा तोड़ा गया है। घटना की खबर कुछ ही देर में जंगल की आग की तरह पूरे ग्राम सहित क्षेत्र में फैल गई और लोगों का जमावड़ा घटना स्थल में लगना शुरू हो गया। लोगों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय पुलिस ने भी औपचारिकता पूरी करने मौका मुआयाना कर लिया है। हालांकि घटना को अंजाम देने वाले अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### लगातार सामने आ रही मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं





यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में सनातनियों के धार्मिक एवं आस्था के केन्द्रों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर बोड़ला, कामठी सेमरकोना सहित ऐसे कई गांव है जहां से सनातनियों के देवी देवताओं की प्रतिमाओं को तोड़ने की खबरे सामने आ चुकी है। अभी हाल के ही दिनो में जिला मुख्यालय कवर्धा के काली गार्डन स्थित शिव मंदिर तथा बस स्टैण्ड स्थित रेवाबंद तालाब के शिव मंदिर तथा शनिदेव मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी।

### कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

उल्लेखीय है कि इस समय होली का त्यौहार अपने पूरे शवाब पर है और जिला पुलिस प्रशासन होली पर्व को लेकर जिले में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का दम भर रही है लेकिन माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासन के ये दावे उस समय खोखले साबित हो जाते है जब कोई सनातनियों के आस्था के केन्द्रों में इस तरह की तोड़फोड़ कर धार्मिक सौहाद्र हो बिगाड़ने का प्रयास कर फरार हो जाता है।

# फेडरेशन ने पदोन्नत प्रधान पाठकों को कराया कार्यभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्राथमिक प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत नवपदस्थ प्रधान पाठकों को शाला चयन का अवसर प्रदान किया गया। पदोन्नत शिक्षकों ने काउंसलिंग में उपस्थित होकर अपनी पसंद के विद्यालयों का चयन किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पदोन्नत प्रधान पाठकों को पदस्थापना आदेश जारी करते हुए 7 मार्च तक चयनित विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 70 प्रधान पाठकों की पदोन्नति सूची जारी की गई। काउंसलिंग सूची में शामिल 62 शिक्षकों में से 54 ने काउंसलिंग में भाग लिया, जबकि 8 शिक्षकों को पूर्व पदस्थ शाला के लिए ही पदोन्नति आदेश जारी किया गया। आदेश प्राप्त होने के बाद सभी पदोन्नत प्रधान पाठकों ने संबंधित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करना प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला कबीरधाम के सक्रिय सदस्य प्रधान पाठक शंकर दास मानिकपुरी ने शासकीय प्राथमिक शाला बहरमुड़ा में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर फेडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवपदस्थ विद्यालय पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में फेडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष केशलाल साहू, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह चंद्रवंशी, मिडिल स्कूल बहरमुड़ा के प्रधान पाठक आरएस धुर्वे, आरके चौरिया, संजय साहू, चन्द्रशेखर बघेल, एलआर बरिहा, टीकाराम सोनकर, गजानंद डिंडोरे, सीएसी टीके साहू सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं एसएमसी अध्यक्ष दिलेश कुर्रे तथा अन्य गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

### इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट 6 मार्च को

**कवर्धा।** आरएएमपी योजनान्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट का आयोजन 06 मार्च 2026 का 03.30 बजे से होटल रायल सेलिब्रेशन, रायपुर रोड, कवर्धा में किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, अध्यक्ष राईस मिल संघ, अध्यक्ष फ्लाई एश ब्रिक्स संघ, अध्यक्ष जिला गुड़ इकाई मालिक संघ, सर्व उद्योग प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, समस्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, सहायक संचालक मछलीपालन विभाग, सहायक संचालक अंत्याव्यवसायी, सहायक संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, मुख्य नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कवर्धा तथा समस्त डीआरपी की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। आरएएमपी योजना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित है। योजना का उद्देश्य राज्य के एमएसएमई उद्यमों की बाजार पहुंच बढ़ाना, उद्यमिता विकास एवं क्षमता संवर्धन को सुदृढ़ करना तथा विशेष रूप से समावेशिता सुनिश्चित करते हुए जमीनी स्तर तक लाभ पहुंचाना है। आयोजित इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट में उद्यमियों को बैंकिंग ऋण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों एवं उद्यमियों द्वारा ऋण वितरण में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। सभी संबंधित उद्यमियों एवं बैंकर्स से कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रदेश के औद्योगिक विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता और शपथ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में जनजागरूकता की दिशा में सार्थक पहल करते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तरेगांव जंगल में प्रभावी जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीण समुदाय को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सशक्त पहल करना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के नशे तथा उससे होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में विशेष बैगा बाहुल्य क्षेत्र ग्राम छिंदपुर में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैगा जनजाति के नागरिकों को सरल एवं सहज भाषा में नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए नशा त्यागने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, नशा मुक्त भारत अभियान के वालेंटियर चन्द्रकांत यादव एवं सुश्री ज्योति साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

### जागरूकता अभियान...




कवर्धा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गांव-गांव में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान।

**अंतर्गत आयोजित शिविर से लाभान्वित हो रहे हैं स्थानीय ग्रामीण**

# संपूर्णता अभियान 2.0 के शिविर का केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत सरकार नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत विभिन्न सूचकांक में हो रहे कार्यों को देखने नीति आयोग के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी राकेश कुमार टोन्डर कबीरधाम जिला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बोड़ला के ग्राम पंचायत पोड़ी में आयोजित संपूर्णता अभियान 2.0 के शिविर का निरीक्षण किया।

शिविर में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा व कृषि विभाग, जनपद पंचायत एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी राकेश कुमार टोन्डर द्वारा चिकित्सा विभाग के स्टॉल का निरीक्षण कर वितरण किये जाने वाली दवाईयों की जानकारी ली, बीपी शुगर, एनीमिया, सिकल सेल जांच, एवं मलेरिया, डायरिया जैसे बीमारियों की रोकथाम के संबंध में क्षेत्र की जनता को जागरूक करने हेतु उपस्थित चिकित्सकों से जानकारी ली गई।

सीएमएचओ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर सभी स्तर के चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी तथा जन जागरूकता के लिए विभिन्न क्लस्टरों में शिविरों के माध्यम से कार्य करने की बात बताई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को दिये जाने वाले पूरक पोषण आहार का प्रदर्शन स्टॉल में करते हुए जानकारी दी गई। इस दौरान तीन बच्चों को खीर खिलाते हुए अन्नप्राशन संस्कार केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी राकेश कुमार टोन्डर द्वारा किया गया। शिविर के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि आकांक्षी विकासखण्ड बोड़ला में संपूर्णता अभियान 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 28 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 अप्रेल 2026 तक संचालित होगा। इस दौरान बोड़ला विकासखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर का आयोजन कर शासकीय विभाग स्थानीय समुदाय को अपने योजनाओं के द्वारा शत-प्रतिशत लाभान्वित कर रहे है।

इसी क्रम में संपूर्णता अभियान 2.0 की गतिविधियों का निरीक्षण करने केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी राकेश कुमार टोन्डर द्वारा भारत सरकार नीति आयोग के निर्देश पर कबीरधाम जिले के आकांक्षी विकासखंड बोडला प्रवास पर रहे। शिविर में स्कूल शिक्षा, कृषि, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न योजनाओं से स्थानीय समुदाय को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में संपूर्णता अभियान 2.0 के लिए चिन्हांकित सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दे रहे हैं। इस दौरान जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# जिले की 184 पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रकिया प्रारंभ की गई है। 09 मार्च 2025 के तहत जारी दिशा निर्देशो के अनुसार ऐसी ग्राम पंचायते एवं नगरीय निकाय जहा विगत दो वर्षों में किसी भी प्रकार का बाल विवाह का प्रकरण दर्ज नही हुआ है उन्हें बाल विवाह मुक्त पंचायत, नगरीय निकाय घोषित किया जाएगा। जिले के कुल 468 ग्राम पंचायतो में से 184 ग्राम पंचायतों से बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए अनुशंसा प्राप्त हुए है, जिनमें यह प्रमाणित किया गया है कि विगत दो वर्षों में किसी भी बाल विवाह का मामला संज्ञान में नही आया है। इन ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। बाल विवाह मुक्त घोषित किये जाने वाले ग्राम पंचायतों की सूची कार्यालय कलेक्टर कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा, दशरंगपुर, स.लोहारा, पंडरिया, कुण्डा, कुकदूर, बोड़ला, चिल्फी, तरेगांव जंगल में प्रदर्शित की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन को कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का बाल विवाह का प्रकरण संज्ञान में हो तो वे 09 मार्च 2026 तक अपने दावा या आपत्ति कार्यालय जिला का य ́ क म अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय प्रातः 10 से सायं 05.30 बजे तक लिखित रुप में सुसंगत दस्तावेजो सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।



## मेले की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने कंट्रोल रूम किया जाएगा स्थापित

# दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए होनी चाहिए सुविधाजनक व्यवस्था : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पहुंचते हैं। चैत्र नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्था होनी चाहिए। सभी को मां बम्लेश्वरी की सेवा करने का अवसर मिला है। सेवा भावना के साथ कार्य करने पर थकान नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी की ख्याति एवं शक्ति को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने अधिकारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा। पेयजल एवं विद्युत की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत प्रवाह चालू रहे। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं सेवा पंडाल लगाएंगे, जहां श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, विश्राम, चाय-नाश्ता, भोजन की सुगम व्यवस्था करने के लिए कहा।

उन्होंने मेला स्थल एवं मंदिर परिसर एवं सीढ़ियों पर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। अंजोरा से अछोली तक सेवा पंडाल लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते पर्याप्त मात्रा में ओआरएस घोल एवं आवश्यक दवाई रखने के निर्देश चिकित्सा विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के पैरों में छाले पड़ने की संभावना को देखते मरहम पट्टी रखने कहा।

बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनील गट्टानी, ट्रस्टी महेन्द्र भाई पटेल, योगश अग्रवाल, गौतम चोपड़ा, सुनील मुंदड़ा, नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य, सेवा पंडाल संचालक उपस्थित थे।




### डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ रहेंगे तैनात

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि डोंगरगढ़ के ऊपर एवं नीचे मंदिर में डॉक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ आवश्यक दवाईयों के साथ तैनात रहेंगे। मेले की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने रोपवे के फिटनेस सर्टिफिकेट एवं मेले की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने डोंगरगढ़ मेला स्थल के आसपास साफ-सफाई कराने कहा। उन्होंने एसडीएम एवं एसडीओपी को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा। डोंगरगढ़ को प्लास्टिक मुक्त करने तथा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सुविधाओं के बारे में दिए निर्देश

उन्होंने मेला स्थल पर पार्किंग, यातायात, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए दवाई, मरहम-पट्टी, ओआरएस घोल एवं अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंनें खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को मिष्ठान एवं अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### पुलिस बलों की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंदिर परिसर, मेला तथा अन्य स्थानों पर पुलिस बलों की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से मंदिर एवं मेला स्थल की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पदयात्रियों के पहुंचने की संभावना को देखते रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने ट्रस्ट के सदस्यों से रोपवे के फिटनेस तथा मेंटेनेंस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंदिर की सीढ़ियों पर पुलिस बल की ड्यूटी रहेगी। पेड़ों में रिफलेक्टर लगाने कहा।एसपी ने कहा कि क्विक रिस्पांस टीम के माध्यम से मेला स्थल की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने पदयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में आवश्यक रेडियम, संकेतक, अस्थायी गति अवरोधक लगाने के लिए कहा। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# संकल्प बजट प्रदेश के समावेशी विकास का आधार : ललित चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने खैरागढ़ स्थित जिला भाजपा कार्यालय में राज्य बजट 2026-27 को लेकर प्रेसवार्ता ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और वित्तीय वर्ष 2026-27 का संकल्प बजट प्रदेश के समग्र विकास का रोडमैप है।

उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह सरकार का तीसरा बजट है। राज्य सरकार का पहला बजट ज्ञान और दूसरा गति थीम पर आधारित था, जबकि इस वर्ष की थीम संकल्प रखी गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है और कृषि क्षेत्र के लिए 13,500 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान कर रही है तथा आगे भी इसके लिए बजट में प्रावधान रखा गया है।

श्री चंद्राकर ने बजट को प्रदेश की समृद्धि और विकास का संकल्प बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, गिरजा चंद्राकर, शशांक ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, उमा चौबे, आयश सिंह, आलोक श्रीवास, भावेश कोचर, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, नरेश कुर्रे, मुकेश वर्मा, गणेश वर्मा, देवकुमार सेन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरकार मिशन मोड पर कर रही काम

श्री चंद्राकर ने बताया कि सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है और इसके तहत पांच मुख्यमंत्री मिशन बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन। इन मिशनों के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।उन्होंने जानकारी दी कि स्कूल शिक्षा के लिए 13.5 प्रतिशत का सर्वाधिक बजट प्रावधान किया गया है। बस्तर के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएंगी। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार की व्यवस्था हेतु भी बजट प्रावधान किया गया है। होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। युवाओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना प्रारंभ की जाएगी। साथ ही लखपति दीदियों के भ्रमण हेतु भी बजट में प्रावधान रखा गया है। औद्योगिक विकास के तहत 23 नवीन औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। शहरी विकास को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना हेतु 200 करोड़ रुपये तथा भूमि विकास बैंक के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### विकास कार्यों के लिए 17 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 17 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत टिपानगढ़ में शेड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम कल्लूबंजारी में रंग मंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम मेटेपार में रंग मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम टिपानगढ़ में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत सीईआ ने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# संत्री, कच्ची महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग राजनांदगांव एवं रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे स्टेशन राजनांदगांव के प्लेट फार्म नंबर 1 पर भिलाई पावर हाऊस संतोषी पारा वार्ड नंबर 24 थाना भट्टी जिला दुर्ग निवासी कौशल से 1 नग एमसी डोवेल्स नंबर 1 व्हिस्की 750 एमएल, 2 नग मैजिक मोमेंट व्हिस्की प्रत्येक 750 एमएल, 2 नग रॉयल चैलेंजर व्हिस्की प्रत्येक 90 एमएल, 1 नग देश दारू मीठी सौंप 750 एमएल, 6 नग देशी दारू फिरकी संत्री प्रत्येक 750 एमएल, 1 नग देशी दारू सेवन स्टार पंच 750 एमएल कुल 7.680 बल्क लीटर मदिरा जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव (पूर्व) दिलीप कुमार प्रजापति, निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव तरूणा साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक आबकारी दीपक गुप्ता, आबकारी आरक्षक प्रदीप यादव, आबकारी आरक्षक ओमप्रकाश सिंह, आबकारी आरक्षक आर्यन ठाकुर सहित रेलवे सुरक्षा बल जवान शामिल थे।

### अज्ञात 100 लीटर महुआ जब्त

इसी तरह आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे अज्ञात 100 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे व मोहनराव, अश्विनी शुक्ला, रोहित टेम्भुरकर, लोकेश वर्मा शामिल थे। आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क जर्जर, लाईटें बंद, कांग्रेस ने पीडब्ल्यूडी को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर व दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निर्देश पर संयुक्त रूप से शनिवार को चिखली ओवरब्रिज और अन्य सड़कों की दुर्दशा को लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्षद्वय चेतन भानुशाली और लक्ष्मण साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि चिखली ओवरब्रिज की हालत बेहद खराब है। डिवाईडर बनाए जाने से सड़क सकरी हो गई है। इसके बाद डिवाईडर कई जगहों पर टूट गए हैं, ईंट बिखरे पड़े हैं। यहां की सभी लाईटें बंद पड़ी है। सड़क में कहीं कोई संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं। सड़क भी खराब है, इस रास्ते में चल पाना भी लोगों के दूभर हो चुका है। वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने तत्काल यहां डिवाईडर और सड़क की मरम्मत किए जाने और लाईटों को चालू करने की मांग की। अध्यक्षों ने कहा कि शहर में लोक निर्माण विभाग के कई रास्तों का यही हाल है। लखोली से कन्हारपुरी मार्ग की स्थिति भी ऐसी ही है। भारी वाहनों की आवाजाही से यह और जर्जर हो चुकी है। लखोली ओवरब्रिज से लेकर कन्हारपुरी तक तो सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसी तरह डोंगरगढ़ जाने वाले वार्ड एक बजरंगपुर-नवागांव मार्ग और शहर के अन्य विभिन्न सड़कों की बुरी स्थिति को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसियों ने आक्रोश व्यक्त किया।

इस दौरान मामराज अग्रवाल, अशोक पंजवानी, पार्षद राजा तिवारी, पिंकू खान, कादिर कुरैशी, जय जायसवाल, वीरेंद्र चंद्राकर, लोकू यादव, निलेश ठावरे, गोलू नायक, अभिषेक सिंह, रोकेश चंद्राकर, हिमालय बंदे, शत्रु पासवान, राहुल यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।



### जर्जर सड़क से लोग बेहाल

चेतन भानुशाली ने कहा कि भाजपा विकास के बड़े-बड़े दावे करने में मशगूल है और यहां शहर की सड़कें ही लोगों को बेहाल कर रही है। पेंड्री से रायपुर नाका की ओर जाने वाले बाईपास की स्थिति ऐसी है कि यहां दो पहिया वाहन चला पाना भी मुश्किल है। ऐसी जर्जर सड़कें ही दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है। लक्ष्मण साहू ने कहा कि सड़कों की मरम्मत, निर्माण का कार्य एक माह के भीतर अगर शुरू नहीं किया जाएगा तो कांग्रेस हर जर्जर सड़क पर इसका जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग और भाजपा सरकार को बताने वाले बोर्ड लगाएगा।

### फाग गायन एवं झांकी स्पर्धा 5 को

**डोंगरगांव।** ग्राम सांगिनकछार में एक दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन आगामी 5 मार्च को रखा गया है। यह आयोजन श्री राधा कृष्णा नवयुवक फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रखा गया है। ग्राम के जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि झांकी पक्ष में विजेताओं को क्रमशः 3001, 2500, 2000, 1600, 1000, रचना पक्ष में 2600, 2000, 1600, 1100, 700, 500 एवं प्रथम मंच मंडली को 301 रूपए दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क झांकी का 251 एवं रचना पक्ष का 201रुपए है।



### रंगोत्सव...

**राजनांदगांव।** एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में बच्चों ने सोमवार को रंगोत्सव के पर्व पर एक-दूसरे को रंग लगाया और मस्ती में झूम-झूमकर उछलकूद की।

# केजरीवाल और सिसोदिया को बरी करने का आदेश, संविधान की जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया को तथाकथित शराब घोटाला प्रकरण में सीबीआई कोर्ट द्वारा बाइज्जत बरी करने के आदेश से प्रसन्न कार्यकर्ताओ ने मिठाई बांटकर खुशिया मनाई।

गौरतलब है कि बीते साल 21 मार्च को सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। लगभग एक महीने बाद उन्हें जमानत मिली और अब कोर्ट ने मामले मे 23 लोगों को कोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया। आप जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि शराब नीति में बरी होने के बाद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में ईमानदारी कमाई है इन्होंने झूठा केस लगाया और आज साबित हो गया कि वो ईमानदार है और मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार है, मतलब पूरी पार्टी ईमानदार है। मनोज गुप्ता ने पीएम की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस तरह से लोकतंत्र से खिलवाड़ करना बंद करे और देश के संविधान का मजाक मत बनाए।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्य और न्याय की ऐतिहासिक विजय है। यह सिर्फ दो नेताओं की जीत नहीं, बल्कि सच्चाई, संघर्ष और ईमानदार राजनीति की जीत आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश मे खुशी मना रहे है। राजीव चौक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई। इस दौरान जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू, संतोष यादव, नीलेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

# रक्तदान, स्वास्थ्य व यातायात शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण एवं यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही ग्राम पंचायत परिसर में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

■ पूर्व सांसद अभिषेक के जन्मदिन पर कार्यक्रम

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 200 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों की सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। वहीं यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाए गए विशेष काउंटर में 34 लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर नियमों के प्रति जागरूकता दिखाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज साहू, नागेश यदु, जितेंद्र साहू, पशपाल साहू, अभिषेक चंद्राकर, जागेश्वर सिन्हा, प्रीति साहू, झुनिया विश्वकर्मा, हेमलता साहू, टाकेश्वरी साहू, जीराबाई साहू, भानमती साहू का सहयोग रहा। रक्तदान करने वाले हरीश साहू, तेजराम साहू, जितेंद्र साहू, उमेश साहू, रितिक साहू, इंद्रजीत साहू, सूर्य कुमार, मनीष, बीजे साहू, गोपाल साहू, नकुल साहू, कुलेश विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, ललित साहू, झम्मन साहू, तुमेश कुमार, नंदकिशोर विश्वकर्मा, मेघनाथ कौशिक, खिलावन साहू, गोविंद साहू, बालेश्वर साहू, संजू देवांगन, रितेश सिन्हा, लोकेश साहू, पाशपाल साहू, दुर्गेश यादव, खिलेश्वरी साहू, संतोष साहू, चुम्मन, विजय पाल, संदीप साहू, साहिल यादव, डोमन साहू, सेवादास साहू, सत्य साहू, लोकेश कुमार, मोहित देव, संदीप साहू, रोशन साहू, मुकेश साहू ने रक्तदान किया।




### युवाओं ने लिया हिस्सा

रक्तदान शिविर में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल लगभग 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, जनपद सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रक्तदान महादान

इस अवसर पर सरपंच जितेंद्र साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है। नियमित रक्तदान करने से शरीर में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित रहती है। जिससे हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है और हृदय रोग व स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है। उन्होंने बताया कि कई बार दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाता ही जीवनरक्षक साबित होते हैं।

# होली पर्व पर वाहनों की विशेष जांच अभियान

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप के नेतृत्व में होली पर्व के दौरान सड़क सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 3 ट्रक चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। इसके अतिरिक्त बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की गई।

### नाबालिगों को वाहन न दें

यातायात पुलिस की आमजन से अपील है कि होली पर्व के दौरान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न चलें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं तथा नाबालिगों को वाहन चलाने न दें। सड़क पर स्टंट राइडिंग एवं अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न करें।

### नशे में वाहन न चलाए

होली जैसे पावन पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। शराब सेवन कर वाहन चलाना न केवल स्वयं के लिए बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। यातायात पुलिस आमजन से सहयोग की अपेक्षा करती है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष अभियान निरंतर जारी रहेंगे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### गेमु बने मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**राजनांदगांव**। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला और मंडल राजनांदगांव की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन कुमार साय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह व जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भुआर्य ने शुक्रवार को अपनी टीम घोषित की। जिसमें गेमुलाल कुंजाम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का उत्तर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आदिवासी नेता गेमुलाल कुंजाम को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भुआर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया का आभार व्यक्त किया है। गेमुलाल कुंजाम को उत्तर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर राजनांदगांव जिले और प्रदेश के समाज प्रमुखों और महिला-पुरूषों में खुशी व्याप्त है।

### स्पर्धा में हिस्सा लेंगे नगर के 2 बॉडी बिल्डर




**राजनांदगांव**। नगर के 2 उभरते बॉडी बिल्डर कल 3 मार्च से विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालयीन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय निर्णायक तामेश्वर बंजारे ने बताया कि गोविंद निषाद और निशांत उमरे जो शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी है। विगत दिनों आयोजित की गई स्पर्धा में मि. यूनिवर्सिटी का खिताब गोविंद व रनरअप निशांत उमरे रहे। ये दोनों खिलाड़ी आंध्रप्रदेश विशाखापट्टनम में यूनिवर्सिटी में 3 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाली स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। गोविंद निषाद व निशांत उमरे नगर के उभरते बॉडी बिल्डर हैं, जो अपनी कडी मेहनत, निरंतर अभ्यास से इस स्पर्धा के लिए चयनित हुए हैं। उक्त जानकारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

### कमला कॉलेज में वार्षिक पदक वितरण समारोह

**राजनांदगांव**। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक पदक वितरण समारोह का आयोजन 26 फरवरी को महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। सह प्रथम मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय एवं विशिष्ट अतिथिगणों ने श्रीमती कमलादेवी राठी की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया एवं वरिष्ठ प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते बताया कि हमारा महाविद्यालय जिले का एकमात्र महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय है, जिसे नैंक द्वारा ठ. ग्रेड दिया गया है, जहां एक साथ चार संकायों कला विज्ञान, वाणिज्य एवं गृहविज्ञान में अध्यापन कार्य होता है। इसके आलावा पीजीडीसीए, डीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगा की कक्षाएं भी संचालित है। समारोह अध्यक्ष महापौर मधुसूदन यादव एवं विशेष अतिथि पूर्व सांसद अशोक शर्मा ने भी छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते महाविद्यालय के भौतिक अधोसंरचना विकास हेतु तथा अन्य मांगों पर विचार कर शीघ्र पूरा करने की घोषणा की। महाविद्यालय पदक वितरण समारोह में सर्वप्रथम मंच से घोषित सात विधाओं के स्वर्णिम पदक एवं प्रमाण पत्र छात्राओं को मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव एवं विशेष अतिथियों के करकमलों से छात्राओं को प्रदान किए गए। अभार प्रदर्शन आयोजन प्रभारी डॉ. निवेदिता ए. लाल द्वारा किया गया।

### कोटरासरार में शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव**। दिग्विजय कॉलेज के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम कोटरासरार में ग्रामीण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू द्वारा ग्रामीण शिविर आयोजन के उद्देश्य के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। शिविर में ग्रामवासियों का बीपी, शुगर, एचआईवी, मलेरिया, रक्त जांच, टाइफाइड जांच किया गया व नेत्र विभाग द्वारा नेत्र जांच किया गया। जांच उपरांत ग्रामीणों को आवश्यक दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया गया। कोटरासरार की सरपंच धनेश्वरी सिन्हा ने समाज कार्य विभाग व मेडिकल टीम का ग्रामीण शिविर आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने ग्रामीण शिविर के आयोजन की व्यवस्था की तथा समस्त चिकित्सा विभाग व स्टाफ के साथ स्वयंसेवक के रूप में सहयोग किया गया। कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन ललिता साहू द्वारा किया गया। शिविर में क्रिश्चियन फैलोशिप नेत्र विभाग, जिला स्वास्थ्य विभाग, समता जन कल्याण समिति, कोटरासरार सरपंच व अन्य गणमान्य व्यक्ति, समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू ,अतिथि प्राध्यापक तारणी साहू शालिनी सोनी तथा समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मार्केटिंग सपोर्ट पर एक दिवसीय सेमिनार 6 को

**राजनांदगांव**। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बाजार से जोड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विकास संस्थान, रायपुर द्वारा कैट राजनांदगांव के सहयोग से प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्ट विषय पर 6 मार्च को शाम 5 बजे से एबिस ग्रीन में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

### जांच पड़ताल बाद आरोपी गिरफ्तार, ग्राम गहिरा-गोपालपुर का मामला


# खेती-किसानी की बात पर विवाद बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बुजुर्ग रोज टीवी देखने घर आता था और खेती-किसानी के काम को लेकर अनाप-शनाप कहता था। घर की महिलाओं पर भी आंख से गलत हरकत करता था। इस बात से आक्रोशित होकर आरोपी ने घर में सोये हालत में बुजुर्ग की हत्या कर दी।

इस सनसनीखेज हत्या के मामले को आज पुलिस ने पत्रकारवार्ता में खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार थाना ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 27 फरवरी को सुबह लगभग साढे 8 बजे सूचना मिला था कि ग्राम गहिरा-गोपालपुर में गुवाल वर्मा के पिता लेडगूराम वर्मा की हत्या हो गई है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल पर डाग स्क्वाड एवं एफएसएल के सीन ऑफ क्राईम यूनिट ने बारिकी से जांच पड़ताल की।

#### टंगिया सहित अन्य सामान बरामद



आरोपी के बताए अनुसार घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी एवं घटना के समय पहने हुए टी-शर्ट व लोवर तथा बनियान का कपड़ा। जिसमें मृतक के खून को आरोपी द्वारा पोछा गया था, को आरोपी के घर से निकालकर पेश करने पर एवं तालाब के किनारे हल्के पानी के अंदर कीचड़ से निकालकर पेश करने पर जब्त किय गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

#### सोते समय हमला

गुस्से में आकर लेडगूराम को मारने की योजना बनाया और सबके सो जाने के बाद 26 फरवरी को लगभग 11 बजे घर से कुल्हाडी लेकर लेडगूराम के घर गया, जो उस वक्त सो रहा था। आरोपी ने टंगिया से लेडगूराम के सिर में तीन वार कर उसके गला को दबाकर हत्या कर दिया। घटना को किसी चोर द्वारा चोरी करने के बाद किया गया है, ऐसा दिखाने के लिए उसके नए मकान के पिछले खड़की को तोड़कर घर अंदर आलमारी को तोडफोड़ किए जाने की बात कही।

#### महिलाओं पर बुरी नजर रखता था

पुलिस के अनुसार हत्या के संबंध में आसपास के लोग एवं ग्रामीणों से पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान गवाहों व मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर संदेही आरोपी विरेन्द्र कुमार वर्मा पिता राजकुमार वर्मा ग्राम गहिरा-गोपालपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिस पर आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ पर पुलिस को बताया कि लेडगूराम वर्मा रोज उसके घर टीवी देखने आते-जाते रहता था और आरोपी को घर और खेती-किसानी के काम को लेकर अनाप-शनाप बकते रहता था व परिवार की महिला पर बुरी नजर रखता था। जिससे वह काफी आक्रोशित था।

## आज निकलेगी गांव में शोभायात्रा

**पटेवा**। ग्राम पटेवा में रंग उमंग, भाईचारे, स्नेह का प्रतीक होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 2 मार्च की रात्रि को असत्य पर सत्य का जीत का प्रतीक होलिका दहन किया गया, जहां फाग गीत के साथ नगाड़ा बजाया गया। कल 4 मार्च को सुबह 4 बजे से भगवान श्री राधाकृष्ण की भव्य शोभायात्रा भजन मंडली द्वारा निकाली जाएगी, जहां फाग गीत गाते नगाड़े की थाप के साथ निकाली जाएगी। भक्तों द्वारा भगवान राधाकृष्ण की आरती लेकर घर-घर पूजा-अर्चना की जाएगी। इस प्रकार यह होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### पेंड्री में मेडिकल कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव**। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण तथा संक्रामक त्वचा रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से विद्यालय में स्कैबिस स्क्रीनिंग एवं अवेयरनेस मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का संचालन स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकीय दल के सहयोग से किया गया।

### सरोज जैन का निधन



**डोंगरगांव**। सेवानिवृत्त शिक्षक पवन जैन की धर्मपत्नी सरोज जैन का सोमवार की शाम को अस्वस्थता के कारण निधन हो गया। हाल ही में उन्हें उपचार के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को मुक्तिधाम में किया गया। वह मनोज जैन एवं पप्पू जैन की माता थी।

## तीन सवारी व शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्ती



**खैरागढ़**। होली पर्व से पूर्व ही पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने दुपहिया वाहनों में तीन सवारी एवं नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान छेड़ दिया है। साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक लेकर पर्व भाईचारा के साथ मनाने की अपील की गई है।

जिला पुलिस केसीजी टीम द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आगामी दिनों में होली पर्व के दौरान क़ानून व्यवस्था हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया। होली पर्व को सड़क सुरक्षा के महत्व से सुरक्षित संपन्न कराने हेतु पूर्णतः सजग एवं प्रतिबद्ध है। साथ ही समस्त थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा होली पर्व को मद्देनजर रखते शांति समिति की बैठक भी लिया गया है।

#### यातायात नियमों का करें पालन

यातायात नियमों का उलंघन करने, शराब पीकर वाहन चलाने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। होली पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें, तेज गति एवं स्टंटबाजी से बचें। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

#### हुडदंगियों पर होगी कार्रवाई

प्रत्येक वर्ष की भांति जिले के प्रत्येक नागरिकों को शांति व्यवस्था का ध्यान रखते किसी भी प्रकार की मारपीट, हुड़दंग व अश्लील हरकत नहीं करने हेतु अपील किया गया है। कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते क्षेत्रांतर्गत आने वाले गांवों एवं कस्बों में निरंतर पेट्रोलिंग करने हेतु संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही शहर के चौक-चौराहों पर अधिक से अधिक बल तैनात किए गए हैं। जिससे आमजनों में भाईचारा के मध्य वाद-विवाद की समस्या न हो। नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है तो पुलिस हेल्प लाइन नंबर डायल 112 के माध्यम से आमजन सहायता प्राप्त कर सकते हैं। केसीजी पुलिस टीम द्वारा अपील की गई कि शांति के साथ होली का पर्व मनाए, अनावश्यक हुड़दंड करते पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मोहल्ले में हुल्लड मचाया दो आरोपी पकड़े गए

- पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहल्ले में हो-हुल्लड मचाने की सूचना पर गैंदाटोला पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश साहू के नेतृत्व में थाना क्षेत्रांतर्गत ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, जो होली पर्व के दौरान हुड़दंग, मारपीट अथवा अन्य अप्रिय घटना घटित कर शहर का माहौल खराब कर सकते थे। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते जगमोहन कोर्राम 54 साल चिरचारीकला, मिलापदास साहू 53 साल पता फाफामार के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126, 135(3) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया गया तथा एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। जिससे त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके।

## जगह-जगह हुआ होलिका दहन, रंगोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व को लेकर शहर में जमकर उत्साह नजर आ रहा है। वहीं चंद्रग्रहण के चलते शहर के अधिकांश जगहों में सोमवार की रात होलिका दहन किया गया। वहीं स्कूल-कॉलेज में विद्याथियों ने भी जमकर होली खेली।

होली पर्व को लेकर शहर में देर रात होलिका दहन किया गया। विभिन्न चौक-चौराहों और गली-मोहल्ले में होलिका दहन का आयोजन किया गया था। वहीं शहर के समीप ग्राम सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर परिसर में भी होलिका दहन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और पर्यावरण के अनुकूल होलिका दहन किया गया। यहां गोबर के उपलों से होली जलाई गई। इस होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग नहीं किया गया। मंदिर समिति के राजू डागा ने बताया कि यहां पर विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा होलिका दहन के अवसर पर अपनी प्रस्तुति दी गई। होलिका दहन के अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्राकृतिक रंग-गुलाल से होली खेली और एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

#### मंगलवार की रात जली होली

चंद्रग्रहण के चलते शहर के अधिकांश जगहों पर सोमवार की रात ही होलिका दहन किया गया है। इस दौरान परंपरागत नगाड़े बजाए गए। वहीं दूसरे दिन चंद्रग्रहण के चलते होली नहीं खेली गई। शहर के कुछ जगहों पर 4 तारीख के तड़के भी होलिका दहन किया जाएगा। वहीं असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक होली का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा।

#### स्कूल-कॉलेज में होली का उत्साह

इधर स्कूल-कॉलेज में छुट्टी से पहले ही छात्र-छात्राओं ने जमकर होली खेली और फाग गीतों में थिरकते नजर आए। शहर के दिग्विजय महाविद्यालय, कमला कॉलेज, विज्ञान महाविद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में होली उत्सव का आयोजन करते विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को जमकर रंग लगाया।









## उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित

# ना किसी की जीत ना किसी की हार यही है लोक अदालत का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14 मार्च 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, के मार्गदर्शन पर जिला न्यायालय कबीरधाम में दिनांक 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त दिवस को प्रकरण का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया जाता है, जिसमें दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा 125 के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए चिन्हांकित प्रकरणों में अधिक से अधिक प्रकरण रखा जाना है।




### नेशनल लोक अदालत के संबंध में जागरूकता

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के सचिव, अमन तिग्गा ने आगे बताया कि नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है तथा नम्बर 07741-299950 पर भी जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में अधिवक्तागण, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग तथा समस्त बैंको से भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत के संबंध में जागरूकता प्रदान किये जाने हेतु प्रतिदिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा ग्रामीण अंचलों में डोर-टू-डोर लोक अदालत के महत्व को बताते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य संपादित किया जा रहा है।

# सड़क निर्माण के लिए 21 लाख राशि की दी स्वीकृति, सरपंच कपिल चंद्राकर ने किया आभार व्यक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर में विधायक भावना बोहरा ने 21 लाख रुपए विकास योजना के तहत पंडरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत भगतपुर में 12 लाख सीसी रोड निर्माण कार्य हीरादास चंद्रवंशी के घर से मेन रोड कि ओर और आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 9 लाख 4 हजार की स्वीकृति दी है। सरपंच कपिल चंद्राकर ने कहा कि विकास की नई उम्मीद जगाई है। जिस पंचायत में विकास की रफ्तार बढ़ेगा स्वीकृति मिलने पर ग्रामवासियों ने विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया एवं ग्रामीणों में खुशी जाहिर किया लंबे वक्त से सीसी रोड के लिए ग्रामीणों द्वारा इंतजार कर रहा था जिसकी मांग कपिल चंद्राकर ने विधायक को अवगत कराया था जिसकी स्वीकृति आज होली के पावन पर्व पर अनुशंसा स्वीकृति जारी किया गया है।

जिससे ग्रामीणों में काफी उत्सव एवं खुशी का माहौल है जिसमें पंचायत सरपंच कपिल चंद्राकर के साथ-साथ उपसरपंच पंचगढ़ एवं समस्त ग्राम पंचायत भगतपुर वाशी के तरफ से विधायक को आभार व्यक्त किया गया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026-27 सफलता पूर्वक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा दिनांक 01 मार्च 2026, रविवार को स्वामी करपात्री जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा में सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। समस्त व्यवस्थाएँ बैठक व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण, सुरक्षा एवं निगरानी पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की गईं, जिससे परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से आयोजित हो सकी। इस अवसर पर ट्राइबल विभाग के सहायक आयुक्त एसी लक्ष्मी पटेल, केंद्राध्यक्ष डीएस जोशी ईएमआर इस तरेगांव जंगल के प्राचार्य जेके त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएँ, आवासीय व्यवस्था तथा सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग की सराहना की गई।

# ग्राम सिल्हाटी में शुभ मुहूर्त में किया होलिका दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बोड़ला विकास खंड अंतर्गत ग्राम सिलहाटी के नहर पारा मोहल्ला में होलिका दहन किया गया शुभ मुहूर्त में होलिका दहन के पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया एवं हिरण्यकश्यप, माता कयाधु, होलिका, भक्त प्रहलाद की कथा बताकर पौराणिक कथा को याद किया गया भक्त प्रहलाद एवं नरसिंह अवतार भगवान विष्णु की जय जयकार की घोष करते हुए होलिका दहन किया गया तत्पश्चात एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई यह राष्ट्रीय पर्व लोगो में घृणा बैर दुश्मनी को दूर करना एवं प्रेम स्नेह की भावना को ग्रहण करने की प्रेरणा देता है इस दौरान मोहल्लेवासी आरके साहू, भूपेंद्र साहू, प्रदीप, प्रमोद, मोहन यादव, सूरज निर्मलकर, अनिल चंद्रवंशी, मनीष, विवेक, पवन, रेशू, शिवा, सुनील, बलराम, विक्की, लवी एवं समस्त मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

# ईएमआरएस तरेगांव जंगल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल, कबीरधाम के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण (एक्सपोज़र विजिट) में भाग लिया। विद्यार्थियों ने कॉलेज ऑफ फिशरीज कवर्धा, सरोदा दादर बांध तथा भोरमदेव मंदिर का भ्रमण किया। कॉलेज ऑफ फिशरीज में विद्यार्थियों को मत्स्य विज्ञान, मछली प्रजनन, हैचरी प्रबंधन एवं जलीय संसाधनों के संरक्षण संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मत्स्य पालन एवं संबंधित क्षेत्रों में कैरियर की संभावनाओं से भी अवगत कराया।



सरोदा दादर में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। वहीं भोरमदेव मंदिर में क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर से परिचित हुए। भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थी पूर्ण विद्यालयी गणवेश में उपस्थित रहे तथा अनुशासन एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। समस्त शिक्षकगण विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा कक्षा शिक्षण को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# भावना बोहरा ने कुण्डा मण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों को विकास कार्य के लिए दिए 30 लाख

- कुण्डा मण्डल के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा का जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



पंडरिया विधायक भावना बोहरा के अथक प्रयास से राजस्व एवं आपदा द्वारा विधानसभा पंडरिया के लिए विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 96 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की निरंतर गति देने वाली विधायक भावना बोहरा होली के शुभ अवसर पर 21 ग्रामों को 2 करोड़ 96 लाख की सौगात दी है, इसी कड़ी में श्रीमती बोहरा कुण्डा मण्डल अंतर्गत 3 ग्रामों को 30 लाख रु की विकास कार्यों सीसी रोड नाली, एवं सा मु दा यि क भवन निर्माण हेतु सौगात दी है जिसमें ग्राम पंचायत भगतपुर की 12 लाख रूपए सीसी रोड निर्माण हेतु ग्राम पंचायत पेंड्री कला को 22 लाख रूपए सीसी रोड एवं नाली निर्माण हेतु ग्राम पंचायत सेन्हाभाठा में 5.59 लाख रूपए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्वकृति प्रदान की गई है उक्त विकास कार्यों की सौगात हेतु स्वकृति प्रदान किए जाने पर भावना बोहरा का भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया। आभार व्यक्त करने वालों में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य किसान मोर्चा ओम यदु वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश दुबे, दिनेश मिश्रा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी मण्डल महामंत्री मनहरण साहू वरिष्ठ भाजपा नेता रामस्वरूप साहू सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा कृष्णा चंद्राकर प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी महामंत्री सुमन गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार शर्मा हरेकृष्ण शुक्ला पूर्व महामंत्री गीताराम साहू जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा अश्वनी यदु सोसायटी अध्यक्ष कुण्डा अमन खनूजा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा हरेंद्र कश्यप, हरेंद्र राजपूत जिला मंत्री किसान मोर्चा नरेश साहू जिला सदस्य गौ सेवा आयोग मनोज ठाकुर मण्डल सोसायटी अध्यक्ष सुधा राम साहू उपाध्यक्ष गणेश यादव समुन्द सेवाराम कुर्रे महामंत्री कपिल चंद्राकर मण्डल मंत्री युवा मोर्चा सहित भाजपा मण्डल कुण्डा, युवा मोर्चा मण्डल कुण्डा महिला मोर्चा ओबीसी मोर्चा अजा मोर्चा किसान मोर्चा अजजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों ने धुमधाम से किया होलिका दहन व विधि विधान से पूजा अर्चना कर घर की सुख शांति समृद्धि के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुंडा, दामापुर, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, कंझेटा, पीपरमाटी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में फागुन मास की पूर्णिमा तिथि पर होलिका का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए गांव एवं घर की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया और होलिका दहन किया गया शांति स्वभाव से होलिका दहन बनाया गया फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है।



इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। जो हमें अपने मन के भय को दूर करके आंतरिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करने वाला है। पुराणों के अनुसार इसी दिन हिरण्यकश्यप की बहन होलिका विष्णुजी के भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर जलती हुई चिता पर बैठी थी। लेकिन कुछ ऐसा संयोग बना जिससे होलिका और हिरण्यकश्यप की योजना सफल नहीं हो सकी।

### होलिका और भक्त प्रह्लाद की कथा

पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन काल में एक हिरण्यकश्यप नामक शक्तिशाली असुर था। जिसने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से एक विशेष वरदान प्राप्त किया था कि न उसे कोई मनुष्य मार सके, न कोई पशु, न अंदर मारा जा सके, न बाहर, न दिन में मारा जा सके, न रात में और किसी अस्त्र शस्त्र से भी उसकी मृत्यु न हो सके। ऐसा वरदान मिलने के कारण उसने अहंकार में खुद को ईश्वर बताना शुरू कर दिया और अपने राज्य में किसी भी व्यक्ति को भगवान विष्णु की पूजा करने से मना कर दिया। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को विषैले सांपों के पास छोड़ा, हाथियों के पैरों के नीचे डाला, ऊंचे पर्वत से नीचे गिरवाया और गहरे समुद्र तक में भी डुबोया। लेकिन भगवान विष्णु ने अपने भक्त को हर मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाल दिया।

### होलिका भक्त प्रह्लाद को लेकर अग्नि में बैठीं

सभी प्रयास नाकाम होने के पश्चात हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को बुलाया जिसे अग्नि में कभी न जलने का वरदान प्राप्त था। उसे प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर चिता पर बैठने को कहा गया और होलिका ने ठीक ऐसा ही किया। वह भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में बिठाकर अग्नि में बैठ गई। लेकिन उस समय भी प्रह्लाद जरा भी न डरा और मन में केवल श्रीहरी का स्मरण करता रहा है। ऐसे में अपने वरदान को गलत तरीके से प्रयोग करने के कारण होलिका उसी अग्नि में जलकर भस्म हो गई। ब्रह्माजी के प्राप्त अग्नि से रक्षा करने वाला चादर उड़कर प्रह्लाद के ऊपर आ गया। ऐसे में होलिका जल गई और भगवान विष्णु की कृपा से उनका भक्त प्रह्लाद सुरक्षित अग्नि से बाहर निकल आया। इसी दिन को याद करते हुए होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है और इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन माना गया। इस घटने के बाद प्रभु भक्तों में भगवान का आभार प्रकट किया और होलिका की चिता के राख और रंगों से रंगोत्सव मनाया। इसलिए होलिका दहन के अगले दिन रंगोत्सव का त्योहार मनाया जाता है।

## भावना बोहरा की अगुवाई में आज चारों ओर विकास - अश्वनी यदु

# विधायक का प्रथम प्राथमिकता, जल्द प्रारम्भ होगा सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



भारतीय जनता पार्टी के सदस्य एवं जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति प्र अश्वनी यदु ने कहा की पिछले पांच वर्ष में कुंडा दामापुर क्षेत्र विकास के लिये तरस गया था पूर्व विधायक ममता चंद्राकर इसी मार्ग से अपना घर जाते थे लेकिन सड़क में एक धमेला मिट्टी तक नहीं डलवा पाये चाहे स्कूल बिल्डिंग, आंगनबाड़ी केंद्र,अस्पताल हो कंही भी कोई विकास कार्य नहीं दिखा जबसे बीजेपी की सरकार आई है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में पुरे प्रदेश में बिना किसी भेद भाव के विकास कार्य दुगनी रफ़्तार से आगे बढ़ रही है, धौराबंध बंशापुर मार्ग के जल्द स्वीकृति के लिये पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कई बार विभाग से इसकी जानकारी लिये और प्रथम प्राथमिकता में इस मार्ग को रखा गया भारतीय जनता पार्टी के दामापुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने इस मार्ग को अति आवश्यक बताते हुवे विधायक को अवगत कराया विधायक भावना बोहरा को इस बात की जानकारी थी की इस मार्ग में बरसात के समय काफ़ी परेशानी होती है खास कर हॉस्पिटल हेतु कोई आवश्यकता पड़ जाये, तत्काल इसका संज्ञान लिया गया और आज से पांच माह पूर्व स्वीकृति राशि आ गया आज कांग्रेसी अपना राजनीती चमकाने ग्राम वाशियों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं जबकि पिछले सप्ताह ग्रामवाशियों से टेलीफोन के माध्यम से बात किया गया जिसमें एक माह से पहले कार्य प्रारम्भ करने की बात विधायक द्वारा कही गई वंही विधायक भावना बोहरा ने ग्रामवासियों से कहा की क्योंकि आज तक सड़क का बेस नहीं हुवा है बेस खराब होगा तो मजबूती नहीं होगी और सड़क साल भर नहीं चल पायेगा सबसे ज्यादा जरुरी बेस मजबूत होना है बहुत जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य प्रारम्भ होगा। वही बंशापुर से आमादाह सड़क व डोंगरिया खुर्द बॉय पास से कंवलपुर तक पहुंच मार्ग को भी प्रथम प्राथमिकता में रखा गया है, इसकी भी स्वीकृति के लिये विभाग को जानकारी दे दी गई है, वही आज सिर्फ एक ही नहीं हर तरफ निर्माण कार्य चालू हैं कोदवा से सैहामालगी होते हुए मरका मार्ग की भी स्वीकृति हो गई है जिसके लिये सभी ग्रामवाशियों ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भावना बोहरा का दुर्गामी सोच का नतीजा है कि अब किसानों को अधिक लाभ होगा

वही विधायक भावना बोहरा का दुर्गामी सोच का नतीजा है की दामापुर, नींगापुर, कोलेगांव, भगतपुर होते हुए प्रतापपुर मार्ग अब टू लेन बन रहा है इसका सबसे अधिक लाभ गन्ना किसानों को होगा अब किसी भी किसानों को इस मार्ग से आने जाने में दिक्कत नहीं होगी दामापुर क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिये शुगर मिल जाने का सुगम मार्ग अब बनने को तैयार है, इसके आलावा पटुवा से कुंडा मार्ग, कोलेगांव से कुंडा खलटुकरी से बसनी मोड़, प्राण खैरा से बसनी मार्ग बनकर तैयार की स्थिति में है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में भावना बोहरा के प्रयास से चहुमुखी विकास कर रही है, कई आंगनबाड़ी भवन बनकर तैयार हो गए हैं और बच्चे उस बिल्डिंग में पढ़ना भी चालू कर दिए हैं आने वाले वक़्त में पंडरिया के साथ-साथ पूरा जिला पूरा प्रदेश हर क्षेत्र में तरक्की की नई गाथा लिखेगी।